# विषय- हिन्दी

कक्षा- 5

**निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**Q.1 सागर शब्द का तुकांत शब्द कौन सा है?**

(A) माया (B) गागर
(C) इंदु (D) विशाल

Q.2 "मैं अलग पका खा लूँगी" किसने किससे कहा?
(A) खाला ने जुम्मन से कहा
(B) खाला ने जुम्मन की पत्नी से कहा
(C) खाला ने गाँव वालों से कहा
(D) खाला ने सरपंच से कहा

**Q.3 कलेजा धक- धक करना मुहावरे का अर्थ है-**
(A) खुश हो जाना
(B) अधिक घबरा जाना
(C) दिल की धड़कन तेज हो जाना
(D) पक्का हो जाना

**Q.4 नीचे दिये गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-**
सागर, जगत, प्रकाश, सूर्य, चन्द्रमा

**Q.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
(क) पंच परमेश्वर कहानी के रचनाकार कौन हैं?
(ख) आप अपने स्कूल में कौन- कौन सा विषय पढ़ते हैं?
(ग) आपका घर गाँव में है या शहर में?
(घ) आपके गाँव या शहर का क्या नाम है?

**Q.7 दिये गए शब्दों में कौन सा वर्ण सभी शब्दों में है लिखिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जहाज | तरबूज | बाजरा | जग | ज |
| टब | मटका | मीटर | लोटा | --- |
| पहाड़ | पालक | कपड़ा | चंपा | --- |
| रेल | कबूतर | मोर | गगरी | --- |

**Q.8 संज्ञा तथा सर्वनाम छाँटकर अलग-अलग लिखिए-**
किताब, जयपुर, घोड़ा, मेरा, तुम, पुस्तक, कानपुर मेज, हम, वह, खिलौना

**Q.9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

बच्चों! आप के विद्यालय में दो अक्टूबर को दो महान विभूतियों का जन्मदिन मनाया जाता है- एक मोहनदास करमचंद गाँधी और दूसरे 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी का। लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 ई० को मुगलसराय (तत्कालीन वाराणसी वर्तमान चंदौली) के साधारण परिवार में में हुआ था। इनके पिता का नाम शारदा प्रसाद तथा माता का नाम रामदुलारी देवी था। वे स्वतंत्र भारत के पहले रेलमंत्री बने।

**Q. 2 अक्टूबर को किसका जन्मदिन मनाया जाता है?**
(A) भीमराव अम्बेडकर जी का
(B) डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का
(C) गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी का
(D) भगत सिंह का

**Q. लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म कहाँ हुआ था?**
(A) गुजरात में
(B) मथुरा में
(C) मुगलसराय( वर्तमान चंदौली) में
(D) मेरठ में

**Q.स्वतन्त्र भारत के पहले रेलमंत्री कौन थे?**
(A) पण्डित जवाहर लाल नेहरू
(B) गाँधी जी
(C) लाल बहादुर शास्त्री जी
(D) लालू प्रसाद जी

**Q.10 नीचे लिखे वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखिए-**

देश से प्रेम करने वाला - देशप्रेमी
जो स्कूल में पढ़ाते हैं -
जो कविता लिखता हो -
जो खेती का काम करते हैं -
केवल फल पर निर्भर रहने वाला -

**विषय- हिन्दी** **शीट क्रमांक- 2** **कक्षा- 5**

**Q.1 निम्नलिखित विशेषण शब्दों से वाक्य बनाइए -**

दयालु, कोमल, चतुर, श्रेष्ठ, मोटा, सुन्दर

**Q.2 'ती' लगाकर पुल्लिंग से स्त्रीलिंग में बदलिए-**

| | |
|---|---|
| बुद्धिमान | बुद्धिमती |
| गुणवान | ............ |
| भाग्यवान | ............ |
| रूपवान | ............ |
| श्रीमान | ............ |

**Q.3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जागना | ........... | उठना | .......... |
| रोना | ........... | कोमल | .......... |
| सुन्दर | ........... | जीत। | .......... |

Q 4 संज्ञा और सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**Q.5 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए और सोचकर लिखिए - अच्छी आदत/ गलत आदत**

(क) केला खाकर रास्ते में फेंकना। ...........
(ख) अपने घर का कूड़ा बाहर सड़क पर फेंकना। ..........
(ग) पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना। .....
(घ) यातायात के नियमों का पालन करना। ......
(ङ) अनावश्यक पानी न बहाना। ........
(च) हर दिन समय से स्कूल आना। ........

**Q.6 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:-**

1.घी के दिये जलाना 2. ईद का चाँद होना
3. नाक काटना 4. अंधे की लाठी होना

**Q.7 दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-**

| | |
|---|---|
| जल - ........ | पर्वत - ......... |
| पृथ्वी - ....... | पुष्प - ......... |
| सरिता - ...... | कमल - ....... |

**Q.8 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -**

उमंग, धैर्य, पर्वत, अपशब्द, सलाहकार, रण हय, कौशल, तनिक, बैरी, विकराल

**Q.9 नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण शब्दों को छाँटकर अलग- अलग लिखिए -**

(क) रसोईया ने अपनी मैली धोती नहीं बदली।
(ख) क्या आप मेरी बड़ी बहन से मिली हैं?
(ग) जो परिश्रम करेगा वही मीठे फल खाएगा।
(घ) वह धीरे-धीरे नदी के किनारे पहुँचा।
(ङ) छोटा बच्चा जोर-जोर से चिल्लाने लगा।

| संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण |
|---|---|---|
| | | |

**Q.10 नीचे लिखे उपसर्गों को जोड़कर शब्द बनाइए -**

जैसे- प्रति + शोध= प्रतिशोध अनु + चर= अनुचर

| | |
|---|---|
| + वाद= | + कूल= |
| + दिन= | + रूप= |
| + घात= | + वाद= |

**Q.11 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

पर्वत कहता ...... उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन ......
....... कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ।
समझ रहे हो ...... कहती है
उठ - उठ गिर- गिर ...... तरंग।
भर लो, भर लो ....... मन में,
मीठी ....... मृदुल उमंग।

Q.12 मेरा विद्यालय पर 10 पंक्तियाँ लिखिए।

Q.13 हिन्दी के 12 महीनों के नाम लिखिए और याद कीजिए।

Q.14 सरपंच कैसा होना चाहिए? पर कम से कम 150 शब्दों में लेख लिखिए।

Q.15 स्वरों के चिह्न को क्या कहते हैं?

**विषय - हिन्दी** **शीट क्रमांक- 3** **कक्षा - 5**

Q. 1 अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम झबेर भाई पटेल और माता का नाम लाड़बाई था। झबेर भाई किसान थे। सरदार पटेल के बचपन की एक घटना है। उनकी आँख के पास एक फोड़ा निकल आया। बहुत दवा दी गई पर ठीक न हुआ।

Q - 1 सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म कब हुआ था?

Q - 2 सरदार वल्लभभाई पटेल के पिता का क्या नाम था?

Q - 3 सरदार वल्लभभाई पटेल के पिता जी क्या करते थे?

Q.2 पक्षियों का चहचहाना भाषा का कौन सा रूप है?

1- लिखित 2- मौखिक 3- सांकेतिक

Q.3 मौखिक भाषा की मूल इकाई क्या है?

1- ध्वनि 2- वर्ण 3- शब्द

Q.4 'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' स्वर हैं -

1- ह्रस्व स्वर 2- दीर्घ स्वर 3-प्लुत स्वर

Q.5 रिक्त स्थानों की पूर्ति संज्ञा शब्द से कीजिए-

(1) ---- कपड़े धोता है।
(2) ---- आगरा में स्थित है।
(3) चारों ओर --- छाई है।
(4) ---- एक पवित्र ग्रंथ है।

Q.6 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

(1) मेरा भाई बहुत छोटा है।
(2) मनीष अत्यधिक चालाक है।
(3) गुलाब एक सुगन्धित पुष्प है।
(4) सरिता अत्यधिक सुन्दर है।

Q.7 "रीता कह रही थी कि तुम दिल्ली जा रहे हो" यह वाक्य है-

(1) संयुक्त वाक्य
(2) सरल वाक्य
(3) मिश्रित वाक्य

Q.8 निम्नलिखित शब्दों की सन्धि (मेल) कीजिए-

(क) देव + आलय = देवालय
(ख) नर + उत्तम = ......
(ग) पो + अन = ......
(घ) तथा + एव = ......

Q.9 निम्नलिखित प्रत्यय का प्रयोग करके दो-दो शब्दों का निर्माण करो-

(क) वाला --- ---
(ख) आई --- ----
(ग) गर --- ----
(घ) आया ---- ---

Q.10 प्रश्नवाचक चिन्ह किस वाक्य पर लगेगा?

(क) अध्यापिका छात्रों को गृहकार्य देंगी
(ख) अध्यापिका ने छात्रों को गृहकार्य दिया
(ग) क्या अध्यापिका ने छात्रों को गृहकार्य दिया

Q.11 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए?

(क) उतार (ख) मृदुल
(ग) आशा (घ)प्राचीन

Q.12 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(क) अंगूर खट्टे होना =
(ख ) अक्ल पर पत्थर पड़ना =
(ग) उल्लू सीधा करना =

Q.13 निम्नलिखित में से एक पर निबन्ध लिखिए-

पेड़ों का महत्व, मेरा प्रिय खेल, गणतन्त्र दिवस

Q.14 निम्नलिखित वाक्यों में सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

(क) आज मुझे हर ... में घर पहुँचना है। (दशा/दिशा)
(ख) एक.... मुझे एक बटुआ मिला। (दिन/दीन)
(ग) हमें अपने देश पर.... है। (गर्व/ अहंकार)